प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

किसान मेले का समापन समारोह कल

पंतनगर में चल रहे किसान मेले का कल (आज) अन्तिम दिन है। मेले का समापन समारोह अपराह्न 3:00 बजे से आयोजित होगा, जिसके मुख्य अतिथि विधायक, लालकुआं, डा. मोहन सिंह बिष्ट होंगे। इस अवसर पर किसान मेले में चार दिनों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं यथा शाक–भाजी, फल–फूल एवं परिरक्षित पदार्थ प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता में विभिन्न स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। साथ ही मेले में लगाये गये विभिन्न वर्गों के स्टॉलों को भी उनके प्रदर्शन व बिक्री के आधार पर पुरस्कृत किया जायेगा।